## ठगी के 95 हजार रुपये वापस करवाए

**श्रावस्ती।** सिरसिया के तालबघौड़ा निवासी राधेश्याम गुप्ता के बैंक खाते से 12 अगस्त को यूपीआई के जरिये ठगों ने 95 हजार रुपये उड़ा दिए थे। पीड़ित ने तत्काल इसकी शिकायत एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज करवाई। इसके बाद साइबर क्राइम पुलिस ने खाते को फ्रीज करते हुए जांच शुरू की। साइबर क्राइम थाने के प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि विभिन्न प्रयासों के माध्यम से पीड़ित के बैंक खाते में ठगी के 95 हजार रुपये वापस करवा दिए गए हैं। (संवाद)

# उत्कृष्ट सेवा के लिए पुलिस कर्मचारी सम्मानित हुए

**श्रावस्ती, संवाददाता टीम।** उत्कृष्ट सेवा व उपलब्धियों के लिए कई पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सम्मानित किया गया।

राष्ट्रपति की ओर से प्रदत्त सराहनीय सेवा पदक व प्रशस्ति पत्र सेवानिवृत्त निरीक्षक (रेडियो शाखा) विनोद कुमार जायसवाल को एसपी की ओर से सम्मानित किया गया। इसी तरह ऑपरेशन कनविक्शन के तहत मानिटरिंग सेल में उत्कृष्ट योगदान के लिए आरक्षी दिवाकर को पुलिस महानिदेशक की ओर से प्रदत्त प्रशंसा चिन्ह प्रदान किया गया। मुख्य आरक्षी राजेश यादव, आरक्षी बलवंतलाल राव, आरक्षी गौरव कुमार, सोनू कुमार, अनिकेत व योगेश को प्रशस्ति पत्र दिया गया।